राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'जानकी नवमी' के सुअवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 19 मई 2021

माँ जानकी के पावन जन्मोत्सव 'जानकी नवमी' के सुअवसर पर महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने कहा है कि माता जानकी का दिव्य चरित्र आदर्श भारतीय नारीत्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि माँ जानकी की जीवन–गाथाओं से हमें त्याग, साधना, सेवा, संयम, मर्यादा, उदारता, क्षमाशीलता, करूणा और प्रेम आदि सद्गुणों को अपने आचरण में उतारने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने 'जानकी नवमी' पर्व को उल्लास और आनन्द के साथ मनाने की अपील की है, ताकि हमारी वैभवपूर्ण सांस्कृतिक विरासत और अनूठी राष्ट्रीय अस्मिता का सम्वर्द्धन हो सके।

राज्यपाल ने कोरोना के संक्रमण से बचाव हेतु निर्धारित प्रोटोकॉल तथा लॉकडाउन के नियमों का पालन करने की भी अपील की है।

....